इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

लखनऊ, शुक्रवार, 14 अगस्त 2026

वर्ष 18 अंक 343 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ-12

अपनी पीड़ा सह लेना और दूसरे जीवों को पीड़ा न पहुंचाना, यही तपस्या का स्वरूप है।
-संत तिरुवल्लुवर

तापमान - अधिकतम 36.5°C (+3.0) न्यूनतम 29.0°C(+1.6) सेंसेक्स 78,079.96 (+113.61) निफ्टी 24,395.85 (-040.10) सोना 1,53,750 चांदी 2,55,000 मुद्रा - डालर 95.41 दिरहम 25.98 रियाल 25.44



# तिरंगे के रंग में सजा खाना, स्वाद के साथ छात्रों ने सीखे कारोबार के गुर

**एरा यूनिवर्सिटी**

**तिरंगा फूड कियोस्क प्रतियोगिता-2026**



**लखनऊ (सं)।** आजादी का जश्न इस बार एरा यूनिवर्सिटी के छात्रों के लिए सिर्फ तिरंगा फहराने तक सीमित नहीं रहा। यहां छात्रों ने केसरिया, सफेद और हरे रंग के व्यंजनों से सजे फूड कियोस्क तैयार कर देशभक्ति को स्वाद और रचनात्मकता से जोड़ दिया। मौका था तिरंगा फूड कियोस्क प्रतियोगिता-2026 का, जिसमें छात्रों ने स्वाद के साथ अपनी मैनेजमेंट और उद्यमिता की प्रतिभा भी दिखाई।

एरा यूनिवर्सिटी के फूड एंड न्यूट्रिशन विभाग और एनवायरनमेंट क्लब की ओर से 12 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रतियोगिता आयोजित की गई। छह कियोस्क में छात्रों ने पौष्टिक व्यंजनों के साथ आकर्षक सजावट और अनूठी प्रस्तुति से लोगों का ध्यान खींचा। 'चाट पे चर्चा', 'हिंदुस्तानी जायका', 'स्वाद-ए-आजादी', 'स्वीट एंड जेस्टी' और 'तिरंगा स्टेशन' प्रमुख कियोस्क रहे। खास बात यह रही कि छात्रों को सिर्फ खाना तैयार करने तक सीमित नहीं रखा गया। उन्हें मेन्यू तैयार करने, बजट बनाने, कीमत तय करने, प्रचार, ग्राहकों से संवाद और टीम के साथ स्टॉल संभालने का व्यावहारिक अनुभव भी मिला। सजावट और भोजन परोसने में पर्यावरण के अनुकूल और बायोडिग्रेडेबल सामग्री इस्तेमाल करने पर भी जोर दिया गया। प्रतियोगिता में डॉ. अपर्णा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में बीएससी के छात्रों की 'स्वाद-ए-आजादी' टीम ने पहला स्थान हासिल किया। 'चाट पे चर्चा' दूसरे स्थान पर रही। 'हिंदुस्तानी जायका' और 'स्वीट एंड जेस्टी' को संयुक्त रूप से तीसरा पुरस्कार मिला। जजों ने स्वाद, पोषण, स्वच्छता, प्रस्तुति, तिरंगा थीम, बजटिंग और टीमवर्क के आधार पर कियोस्क का मूल्यांकन किया। आयोजन ने छात्रों को यह अनुभव दिया कि पढ़ाई में सीखी पोषण संबंधी जानकारी को रचनात्मकता और वास्तविक जीवन की परिस्थितियों से कैसे जोड़ा जा सकता है। इस मौके पर फूड एंड न्यूट्रिशन विभाग की प्रमुख डॉ. कहकशां परवीन, डॉ. स्वाति सचदेव, डॉ. शिखा सिंह, डॉ. मिन्हाज ए. उस्मानी, डॉ. शिप्रा श्रीवास्तव, डॉ. सना अफरीन और डॉ. अंकिता जौहरी मौजूद रहीं। स्टॉल्स का मूल्यांकन करने वाली टीम में डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. तनवीर खदीजा, फैकल्टी ऑफ एलाइड हेल्थ साइंसेज के असिस्टेंट डीन डॉ. जिया अब्बास और एमएलटी डिपार्टमेंट की हेड डॉ. एकता ए. एंड्रियास शामिल थीं।